# विश्व एड्स जागरूकता दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 01 दिसंबर 2019 से महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसायटी और रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में ;विश्व एड्स साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत एड्स जागरूकता को लेकर महाविद्यालय विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा मानवीय श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता का सन्देश दिया गया। इसी दिन एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें बादशाह खान अस्पताल फ़रीदाबाद की काउंसलर श्रीमती कविता सिंह और श्रीमती अनीता ने एचआईवी एड्स जागरूकता और दवाइयों के दुरुपयोग पर अपने विचार व्यक्त किए । उन्होंने महाविद्यालय के सभागार में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एच० आई० वी० संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है । इस कार्यक्रम में एड्स नशे के कारणों और उपचारों के बारे में चर्चा की गयी । श्रीमती कविता सिंह ने कहा कि एड्स को सिंड्रोम इसलिए कहा जाता है क्यूंकि इसमे मानव शरीर बहुत बीमारियो से घिर जाता है । इस बीमारी मे सबसे पहले श्वेत रक्त कोशिका (WBC) की क्षति होती है। उन्होने विद्यार्थियों को एड्स से संबन्धित समाज में फैली भ्रांतियों से भी अवगत कराया। श्रीमति अनीता ने नशाखोरी की आदत को ग्रहण करने के तरीकों से विद्यार्थियों को सावधान किया। प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी ने जागरूकता बढ़ाने के लिए समय समय पर इन सभी क्रियाओं को करवाने का आश्वासन दिया । इस साप्ताहिक कार्यक्रम के चलते विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन का आयोजन किया गया । स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार क्रमशः शिवानी, नीतू और डॉली सिंह को दिया गया एवं पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः ज्योति बिष्ट, स्वाति और आँचल को पुरस्कार दिया गया । वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः दिव्या, रश्मि सिंह, रश्मि गर्ग और प्रियंक सेहरावत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया । यह कार्यक्रम डॉ० जयपाल सिंह की देख रेख में श्रीमती नेहा गोयल श्रीमती त्रिमेश कालरा, श्री सुभाष और श्री लवकेश जी के द्वारा संपन्न हुआ ।